दिनांक

होली

दिवसः 139

शिक्षण–निर्देश :

'होली' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा विद्यार्थियों से बातचीत करें।

रंग-रंगीली होली आई,
सबके मन को होली भाई
खेलें-कूदें खुशी मनाएँ
ढोल बजाकर होली गाएँ।

निकल पड़ी मित्रों की टोली,
सबने मिलकर खेली होली
आओ लाल गुलाल लगाएँ,
पिचकारी से रंग उड़ाएँ।

पुआ और पकवान बनाएँ,
जो घर आए उसे खिलाएँ
सबको अपने गले लगाएँ,
होली का संदेश सुनाएँ।

–मधुर अथैया

दिनांक

होली

दिवस–140

शिक्षण–निर्देश :

विद्यार्थियों से 'होली' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा विभिन्न प्रकार के त्योहारों के बारे में बातचीत करें।

दिए गए त्योहारों को पहचानकर उनका नाम लिखिए–

होली के अवसर पर जिन कार्यों को किया जाता है, उनपर (√) का निशान लगाइए–

(क) ढोल बजाना

(ख) गुलाल लगाना

(ग) नाचना

(घ) दीये जलाना

(ङ) पकवान बनाना

(च) दौड़ लगाना

दिए गए त्योहारों को और किस नाम से जानते हैं ? उनके नाम लिखिए–

रक्षाबंधन –

दशहरा –

दीपावली –

मकर संक्राति –

दिनांक

होली

दिवस–141

शिक्षण–निर्देश :

विद्यार्थियों से 'होली' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा 'होली' में बनाए एवं खाए जाने वाले पकवानों पर बातचीत करें।।

खाली स्थानों को भरकर पंक्तियाँ पूरी कीजिए–

(क) रंग–रंगीली .... आई । (होली, गोली)

(ख) सबके .... को होली भाई (मन, तन)

(ग) .... खुशी मनाएँ (खेलें–कूदें, उछले–कूदें)

(घ) ढोल .... होली गाएँ। (बजाकर, सजाकर)

होली में बनाए जाने वाले पकवानों के नाम लिखिए–

इन त्योहारों में क्या–क्या किया जाता है ? रेखा खींचकर बताइए–

(क) ईद में	रंगों से खेलते हैं।
(ख) होली में	रावण का पुतला जलाते हैं।
(ग) दीपावली में	केक खाते हैं।
(घ) दशहरा में	सेवइयाँ खाते हैं।
(ड़) क्रिसमस में	पटाखे और दीप जलाते हैं।

दिनांक

होली

दिवस–142

शिक्षण–निर्देश :

विद्यार्थियों से 'होली' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा पर्यायवाची शब्द की समझ दें।

नीचे दिए गए पंक्तियों को पढ़िए और लिखिए–

निकल पड़ी मित्रों की टोली,	
सबने मिलकर खेली होली	
आओ लाल गुलाल लगाएँ,	
पिचकारी से रंग उड़ाएँ।	

दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए–

पर्व	त्योहार	गुलाल	
मित्र		घर	

समान लय वाले शब्द लिखिए –

बनाएँ	उड़ाएँ	होली	
आई		मन	

दिनांक

होली

दिवस–143

शिक्षण–निर्देश :

विद्यार्थियों से 'होली' से संबंधित अन्य कविता को सुनिए तथा होली त्योहार में की जाने वाली तैयारी एवं खरीदारी के बारे में बातचीत करें।

खाली स्थानों को भरकर पंक्तियाँ पूरी कीजिए–

(क) निकल पड़ी .... की टोली, (मित्रों, लोगों)

(ख) सबने .... खेली होली (लड़कर, मिलकर)

(ग) आओ लाल .... लगाएँ, (रंग, गुलाल)

(घ) .... से रंग उड़ाएँ। (पिचकारी, बाल्टी)

दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

होली –

गुलाल –

रंग –

पिचकारी –

ढोल –

होली में बच्चे क्या–क्या खरीदते हैं, नाम लिखिए–

होली में आप क्या–क्या खाना पसंद करते हैं ?

दिनांक	होली	दिवस–144

शिक्षण–निर्देश :

विद्यार्थियों से 'होली' से संबंधित अन्य कविता का गायन करवाएँ तथा विलोम शब्द की समझ दें।

खाली स्थानों को भरकर पंक्तियाँ पूरी कीजिए–

(क) पुआ और .... बनाएँ, (खजूर, पकवान)

(ख) जो .... आए उसे खिलाएँ (नहीं, घर)

(ग) .... अपने गले लगाएँ, (सबको, तुमको)

(घ) .... का संदेश सुनाएँ। (देश, होली)

दिए गए शब्दों का विलोम शब्द (उल्टे अर्थवाले) लिखिए–

सुख	दुःख	आकाश	
मित्र		अच्छा	

शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–

गलाल	गुलाल	पीचकारी	
पकबान		सदेश	

दिनांक

होली

दिवस–145

शिक्षण–निर्देश :

प्रत्येक विद्यार्थी से पूरी कविता का गायन करवाएँ तथा निम्नलिखित प्रश्नों– 'होली' क्यों मनाते हैं, कैसे मनाते हैं, क्या–क्या खाते हैं, इस पर्व से हमारे जीवन में क्या–क्या लाभ/फायदे होते हैं आदि प्रश्नों पर बातचीत कीजिए।

दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) होली कब मनायी जाती है ?

(ख) आप होली कैसे मनाते हैं ?

(ग) होली पर ढोल बजाकर क्या गाते हैं ?

(घ) आपके घर में होली पर कौन–कौन से पकवान बनते हैं ?

(ङ) होली को रंग–रंगीली क्यों कहा जाता है ?

अपने पसंद की पिचकारी का चित्र बनाइए–

दिनांक	# होली	दिवस–146

शिक्षण–निर्देश :

विद्यार्थियों से होली कविता का श्यामपट्ट के पास बुलाकर गायन करवाएँ तथा खाने वाले पदार्थो पर बातचीत करें, यथा– जो त्योहारों में तलकर, सेककर, तथा भुनकर खाई जाती है।

होली कविता की किन्ही चार पंक्तियों को लिखिए–

कौन सी चीजें 'तलकर', 'सेंककर' और 'भुनकर' बनाई जाती है–

तलकर	सेंककर	भुनकर

दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

पिचकारी –

मित्र –

गुलाल –

पुआ –

ढोल –

शिक्षण–निर्देश :

प्रत्येक विद्यार्थी से 'होली' की पूरी कविता सुनें तथा'होली' के अलावे अन्य त्योहारों पर बातचीत करें ।

चित्र देखकर उसके बारे में लिखिए–

होली के अलावा और कौन–कौन से त्योहार मनाये जाते हैं, लिखिए–

शब्दों को सही क्रम में सजाकर वाक्य फिर से लिखिए–

(क) रंगों का त्योहार होली है।	होली रंगों का त्योहार है।
(ख) गुलाल रंग–बिरंगे हम होली में लगाते हैं।	
(ग) मोहन पीला पिचकारी के पास है।	
(घ) मीठा पुआ हम खाते हैं होली में।	